अमेरिकी न्याय मंत्रालय सामुदायिक संबंध व्यवस्था (CRS)

# एशियाई अमेरिकी, मूल हवाई और प्रशांत द्वीपसमूह निवासी (AANHPI) निवासी के विरुद्ध पूर्वग्रह और घृणा की घटनाओं को रोकना और प्रतिक्रिया देना

O अमेरिकी न्याय मंत्रालय सामुदायिक संबंध व्यवस्था (**CRS**) सामुदायिक आकस्मिक योजनाओं के विकास में पूर्वग्रह और घृणा की घटनाओं का प्रतिकार करने के लिए **AANHPI** समुदायों को सेवाएं प्रदान करने के लिए तैयार है।

CRS "अमेरिका के शांतिदूत" के रूप में उन संघर्ष में समुदायों के लिए विवादों की मध्यस्थता करके और भविष्य के संघर्षों को स्वतंत्र रूप से रोकने और हल करने के लिए सामुदायिक क्षमता को बढ़ाकर कार्य करता है। नागरिक अधिकार अधिनियम 1964 के टाइटल 10 के तहत और मैथ्यू शेपर्ड और जेम्स बर्ड, जूनियर, हेट क्राइम प्रिवेंशन एक्ट 2009 के तहत, CRS जाति, रंग, राष्ट्रीय मूल, लिंग, लिंग पहचान, यौन अभिविन्यास, धर्म, या विकलांगता के अंतर से उत्पन्न होने वाले सामुदायिक संघर्षों का प्रत्युत्तर देता है। CRS के पास जांच या अभियोजन का अधिकार नहीं है। बल्कि, CRS निष्पक्ष हो कर संघर्ष में डूबे समुदायों के साथ रिश्तों के पुनर्निर्माण, आपसी समझ बढ़ाने में और स्थानीय समाधानों के विकास को प्रोत्साहित करने में मदद के लिए काम करता है। CRS के सुलहकर्ता सीधे राज्य और स्थानीय अधिकारियों, समुदाय-आधारित संगठनों, समुदाय और नागरिक अधिकारों के अधिवक्ताओं, विश्वास-आधारित समूहों और कानून प्रवर्तन के साथ स्वैच्छिक आधार पर काम करते हैं। CRS के सुगम्य संवाद, परामर्श, प्रशिक्षण और मध्यस्थता मुफ्त और गुप्त हैं।

निम्नलिखित सर्वोत्तम प्रथाओं, जिनका उपयोग कार्य समूहों द्वारा सामुदायिक प्रतिक्रिया योजना विकसित करने के लिए किया जा सकता है, पर विचार करें। यह दस्तावेज़ AANHPI समुदाय समूहों, शिक्षकों, नागरिक नेताओं और कानून प्रवर्तन संगठनों के लिए है। सामुदायिक प्रतिक्रिया योजनाओं को विकसित करने के बारे में अधिक जानकारी के, लिए यहां क्लिक करें।

## जातिवाद और घृणा के विरुद्ध एक संयुक्त सामुदायिक बयान तैयार करें। ▼

- आपकी आवाज चुने हुए नेताओं, शिक्षकों और सामुदायिक नेताओं के रूप में शक्तिशाली है। विविधता और समावेश पर आपके समुदाय की प्रतिबद्धता पर बल देकर, आप पूर्वग्रह और घृणा के विरुद्ध सहिष्णुता और एकता का वातावरण बनाने में मदद कर सकते हैं।
- एक संयुक्त सामुदायिक बयान व्यापक रणनीति का एक पहलू है। इसके अतिरिक्त, सोचें:
  - पूर्वग्रह या घृणा की घटना से पूर्व एक संदेश रोलआउट योजना और संचार माध्यम के केन्द्रों के संपर्क का विकास करना।
  - संचार माध्यम के उपयोग के लिए पूर्वग्रह और घृणा निवारण पर बात करने के मुद्दे तैयार करना।
  - एक प्रवक्ता को चुनना (या प्रवक्ताओं के एक समूह को) जो संचार माध्यम और अन्य पूछताछों का उत्तर देने के लिए उपलब्ध हो।
- AANHPI समुदाय को आश्वस्त करने का एक उपकरण सार्वजनिक सेवा घोषणाएं हो सकती हैं कि आप पूर्वग्रह, घृणा और हिंसा को सहन नहीं करते हैं। इन संचारों को AANHPI भाषाओं में निर्माण करने और उन्हें आपके समुदाय की सेवा करने वाले सभी संचार माध्यम के चैनलों के माध्यम से प्रसारित करने पर विचार करें। रिपोर्टिंग, प्रतिक्रिया और पीड़ित सहायता के बारे में जानकारी शामिल करें।
- अपने संदेश का विषय और शैली का ढांचा तैयार करने में अपने स्थानीय समुदाय के साथ काम करें। नागरिक अधिकार और समर्थक संगठनों से अपने संयुक्त संदेश पर टिप्पणी प्राप्त करें।
- आपके संयुक्त सामुदायिक बयान को फ़ैलाने और वितरण के लिए उन सामुदायिक संगठनों के साथ भागीदारी करें जो AANHPI समुदायों की सेवा करते हैं।

## घृणा और पूर्वग्रह के विरुद्ध एक सार्वजनिक सहयोग कार्यक्रम आयोजन करें।

- अगर उचित और सुरक्षित है, तो सार्वजनिक कार्यक्रमों और आभासी आयोजनों का उपयोग किया जा सकता है AANHPI समुदायों पर प्रभावित पूर्वग्रह और घृणा के बारे में जागरूकता लाने के लिए।
- पूर्वग्रह और घृणा से संबंधित मौजूदा संसाधनों को साझा करें, जैसे स्थानीय मानव संबंध आयोग, स्कूल कार्यक्रम, कानून प्रवर्तन पहल, और स्थानीय सामुदायिक हितधारकों द्वारा समर्थित कार्यक्रम।
- पीड़ितों, समर्थकों और सहयोगियों के लिए एक जगह बनाएं ताकि वे पूर्वग्रह और घृणा संबंधित अपनी चिंताओं को व्यक्त कर सकें, जैसे कि एक सामुदायिक मंच, सुविधाजनक संवाद, सुनने का सत्र, या ईमेल टिप बॉक्स।
- एकजुटता की घटनाएं AANHPI समुदाय को बता सकती हैं कि वे अकेले नहीं हैं। धर्म के नेताओं, समुदाय के नेताओं और कानून प्रवर्तन जैसे अन्य हितधारकों को आमंत्रित करने का सोचें।

## संभावित अशांति, पूर्वग्रह की घटनाओं और घृणा अपराधों के लिए तैयार रहें।

- घटनाओं जो पूर्वग्रह या घृणा का उत्प्रेरक हैं, उनका पूर्वानुमान करें। समुदाय के सदस्यों को रिपोर्टिंग प्रक्रियाओं, घृणा अपराध कानूनों और पूजा स्थानों की सुरक्षा के लिए सर्वोत्तम प्रथाओं पर शिक्षित करें।
- कानून प्रवर्तन को खतरों और अन्य संभावित आपराधिक गतिविधियों के बारे में सचेत करें। क्या और कैसे रिपोर्ट करना है, इसके बारे में जानने के लिए कानून प्रवर्तन से मिलें।
- नागरिक अशांति, लक्षित हिंसा, घृणा अपराध और हिंसा की संभावना वाले प्रदर्शनों जैसी संभावित आपातकालीन स्थितियों के लिए योजनाओं का समन्वय करें।
- सभा और यात्रा के प्रतिरूप को प्रभावित कर सकने वाली AANHPI समुदायों की घटनाओं, समारोहों और छुट्टियों के बारे में जागरूक रहें।
- भाषा अभिगम्यता और अनुवाद की आवश्यकताओं के लिए सामग्री और संचार की समीक्षा करें।
- अपनी प्रतिक्रिया योजना की लापता लिंक और सुधार के क्षेत्रों की पहचान करने के लिए झांकी कर ले।
- महत्वपूर्ण स्थानों जैसे कि इलाके, कार्यस्थलों, पूजा स्थलों, कॉन्सुलेटों, दूतावासों, कब्रस्तानों, ऐतिहासिक स्मारकों और अन्य AANHPI सामूहिक स्थानों जो लक्षित हो सकते हैं, उनके बारे में कानून प्रवर्तन को सचेत करें।
- COVID-19 वायरस का उल्लेख करते समय CDC द्वारा अनुशंसित भाषा का प्रयोग करें। देखें: https://www.cdc.gov/coronavirus/2019-ncov/your-health/about-covid-19/basics-covid-19.html

## प्रभावित समूहों की मानसिक और शारीरिक स्वस्थ्यता पर पूर्वग्रह और घृणा के प्रभाव को कम करने के लिए कदम उठाएं।

- मानसिक स्वास्थ्य संसाधनों का उपयोग कब और कैसे किया जा सकता है, इसकी सामान्य समझ तय करने के लिए आपके कार्य समूह को विशेषज्ञों के साथ जोड़ें।
- कई रिपोर्ट की गई पूर्वग्रह या घृणा सम्बंधित घटनाओं में मानसिक स्वास्थ्य के मुद्दों के साथ संदिग्ध शामिल हैं। मानसिक स्वास्थ्य के मुद्दों को लेकर संदिग्धों के साथ काम करने के लिए कार्य समूह स्थानीय कानून प्रवर्तन प्रक्रियाओं से अपने आप को परिचित कर सकता है।
- पीड़ितों और AANHPI समुदायों के सदस्यों जो घृणा और पूर्वग्रह का अनुभव करते हैं, उन्हें मानसिक स्वास्थ्य संसाधन प्रदान करें।
- पहले और दूसरे उत्तरदाताओं के पास पर्याप्त मानसिक स्वास्थ्य और आघात सहायता तक पहुंच है यह सुनिश्चित करें।
- पीड़ित और गवाह संसाधन सांस्कृतिक रूप से उपयुक्त और भाषा सुलभ हैं यह सुनिश्चित करें।

### विद्यार्थिओं के स्कूल लौटने पर पूर्वग्रह और घृणा सम्बंधित घटनाओं के प्रत्युत्तर के लिए स्कूलों और परिसरों को सज्जित करें।

- अपने स्कूल, कॉलेज या विश्वविद्यालय को साइबर धमकी और उत्पीड़न नीति जारी करने के लिए प्रोत्साहित करें।
- कैंपस पुलिस को पूर्वग्रह और घृणा की घटना की रिपोर्टिंग और जांच के सर्वोत्तम अभ्यासों पर प्रशिक्षित करें।
- AANHPI छात्रों, अनुसंधान क्षेत्रों से जुड़े हुए सहित से संपर्क करें।

## संसाधन

अप-टू-डेट समाचार और अनुवादित संसाधन
https://www.justice.gov/hatecrimes/addressing-hate-crimes-against-AAPI

AANHPI समुदायों के लिए CRS सेवाएं
https://www.justice.gov/crs/highlights/AAPI-hate-crimes

## अतिरिक्त अमेरिकी न्याय मंत्रालय संसाधन

हेट क्राइम थ्रेट गाइड
फेडरल ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टिगेशन

घृणा अपराध की रिपोर्टिंग - अंतर को बंद करने के लिए गतिविधि
समदाय उन्मुख पुलिस व्यवस्था

घृणा अपराधों की पहचान और रिपोर्टिंग में सुधार
समदाय उन्मुख पुलिस व्यवस्था

घृणा अपराधों की पहचान, जांच और रिपोर्टिंग में सुधार: कानून प्रवर्तन गोलमेज सम्मेलन की एक सारांश रिपोर्ट
समुदाय उन्मुख पुलिस व्यवस्था

घृणा बंद करो: स्थानीय समुदायों के लिए कार्रवाई कदम
समदाय उन्मुख पुलिस व्यवस्था

COVID-19 महामारी के दौरान समुदायों की सेवा
सामुदायिक संबंध व्यवस्था

घृणा अपराधो को रोकने और प्रत्युत्तर देने मे समुदायो की मदद
सामुदायिक संबंध व्यवस्था

घृणा बंद करो और समावेश का निर्माण करो: कानून प्रवर्तन और सामुदायिक भागीदारों के लिए संसाधन
समुदाय उन्मुख पुलिस व्यवस्था

### आपात स्थिति में तत्काल सहायता के लिए 9-1-1 डायल करें।

अगर आपको लगता है कि आप घृणा अपराध के शिकार हैं या आपको लगता है कि आपने घृणा अपराध देखा है:

चरण 1: अपने स्थानीय पुलिस को अपराध की सूचना दें।

चरण 2: इस रिपोर्ट के बाद तुरंत 1-800-CALL-FBI पर कॉल करके या tips.fbi.gov पर जानकारी सबमिट करके फ़ेडरल ब्यूरो ऑफ़ इन्वेस्टिगेशन (FBI) को सचेत करें। आप गुमनाम रह सकते हैं।

### हमें ढूंढें, हमसे जुड़ें

**www.justice.gov/crs  www.justice.gov/hatecrimes**

facebook.com/DOJCRS/  @DOJ_CRS  askcrs@usdoj.gov  202.305.2935